# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

## जुलाई, 2007 सत्र

### सोमवार, दिनांक 16 जुलाई, 2007

### तारांकित प्रश्नोत्तर

नाई पेटी योजना में अनियमितता

1. (*क्र. 628) **मोहम्मद अकबर :** क्या राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नाई-पेटी योजना के अंतर्गत नाई पेटियां, कितनी दर में कुल कितनी लागत की कितने मोटे गेज के चादर की किनसे-किनसे क्रय की जा रही है ? (ख) उक्त पेटियों की सप्लाई कब तक की जानी है तथा जून 2007 तक कुल कितनी सप्लाई हो चुकी है ?

**राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास** (श्री सत्यानंद राठिया) : (क) लोक मित्र योजना अंतर्गत विभाग द्वारा नाई पेटी प्रति पेटी रु. 295/- (रु. 284/- + 4% विक्रय कर) की दर से कुल 28.32 लाख लागत की 26 गेज मोटे चादर की पेटियां मेसर्स इण्डमेन्ट प्रेस मेटल, नागपुर से क्रय किया जा रहा है. (ख) पेटियों की सप्लाई दिनांक 6-4-2007 तक की जानी थी. जून 2007 तक 2584 पेटियां प्राप्त हो चुकी है.

विकासखण्ड कसडोल एवं बिलाईगढ़ में स्वीकृत हैण्डपंपों की जानकारी

2. (*क्र. 589) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र कसडोल के अंतर्गत विकासखण्ड कसडोल एवं बिलाईगढ़ में दिनांक 01-01-2006 से 20-6-2007 तक कुल कितने हैण्डपंप स्वीकृत किये गये हैं ? (ख) क्या स्वीकृत हैण्डपम्पों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ? (ग) क्या सभी बोर पर हैण्डपम्प लगा दिए गए हैं, एवं चबूतरों का निर्माण हो गया है ? (घ) उक्त अवधि में कितने बिगड़े हुए हैण्डपम्पों की शिकायत प्राप्त हुई है ? उनमें से कितने हैण्डपंपों को सुधारा गया है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) 372 नलकूप (हैण्डपम्प) स्वीकृत किये गये हैं. (ख) एवं (ग) जी नहीं. (घ) उक्त अवधि में 1556 बिगड़े हैण्डपम्पों की शिकायत प्राप्त हुई है एवं 1530 हैण्डपंप सुधारे गये हैं.

रतनजोत रोपण हेतु स्वीकृत एवं व्यय राशि

3. (*क्र. 583) **श्री उदय मुदलियार :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मण्डल प्रबंधक, पानाबरस परियोजना, राजनांदगांव को रतनजोत रोपण के लिए वर्ष 2005-06 में सम विकास योजना के अंतर्गत कुल कितनी राशि स्वीकृत की गई एवं 02 फरवरी, 2006 से 31 मई, 2007 तक वृक्षारोपण हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के अंतर्गत कुल कितनी राशि प्राप्त हुई ? (ख) रतनजोत रोपण का कार्य किन-किन क्षेत्रों में, कितनी-कितनी राशि से, कितनी-कितनी संख्या में किन-किन स्थानों पर किया गया ? (ग) वृक्षारोपण का कार्य किन-किन स्थानों में, कितनी-कितनी लागत से, किन-किन मदों में खर्च कर, किया गया ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल) : (क) मण्डल प्रबंधक, पानाबरस परियोजना मण्डल, राजनांदगांव को रतनजोत रोपण के लिये वर्ष 2005-06 में सम विकास योजना के अंतर्गत कोई राशि स्वीकृत नहीं की गई एवं 02 फरवरी, 2006 से 31 मई, 2007 तक रतनजोत वृक्षारोपण हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के अंतर्गत कुल 108.261 लाख राशि प्राप्त हुई. (ख) एवं (ग) जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-एक, दो एवं तीन में दी गई है.

वन ग्रामों के विकास हेतु केन्द्र द्वारा प्राप्त राशि

4. ( *क्र. 643) **डॉ. ( श्रीमती ) रेणु जोगी :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में वनग्रामों की संख्या कितनी है ? जिलेवार आंकड़े देवें ? (ख) भारत सरकार से 2006-07 में वनग्रामों के विकास के लिए कितनी राशि प्राप्त हुई तथा कितनी राशि व्यय हुई ? (ग) विधान सभा क्षेत्र कोटा में वनग्रामों की संख्या कितनी है ? 2006-07 में उपरोक्तानुसार भारत सरकार से प्राप्त राशि में से कितनी राशि इन ग्रामों के विकास में व्यय हुई है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) प्रदेश में कुल वनग्रामों की संख्या 425 है. जिलेवार वनग्रामों की संख्या † संलग्न परिशिष्ट में दी गई है. (ख) वनग्रामों के विकास के लिए भारत सरकार से वर्ष 2006-07 में रु. 2338.670 लाख का आवंटन प्राप्त हुआ था जिसके विरुद्ध वर्ष 2006-07 में रु. 532.450 लाख व्यय हुआ. (ग) कोटा विधान सभा क्षेत्रांतर्गत केवल एक ही वनग्राम (मानपुर) है, जिसके विकास के लिए वर्ष 2006-07 में भारत सरकार से रु. 4.25 लाख का आवंटन प्राप्त हुआ था, जिसका संपूर्ण व्यय उक्त ग्राम के विकास कार्य में किया गया.

बिलाईगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत ओडकाकन एवं जैतपुर को पर्यटन स्थल घोषित करने संबंधी

5. ( *क्र. 110) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या रायपुर जिले के बिलाईगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम ओडकाकन रामनामी भजन स्थल एवं जैतपुर जौताई मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित किया गया है ? यदि हां, तो कब ? (ख) ग्राम ओडकाकन में पर्यटन स्थल को विकसित करने के लिए कितनी राशि स्वीकृत की गई ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) ग्राम ओडकाकन को पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल किया गया है. (ख) ग्राम ओडकाकन में पर्यटन स्थल को विकसित करने के लिए रुपये 20,19,414.00 (बीस लाख उन्नीस हजार चार सौ चौदह रुपये) केवल की राशि स्वीकृत की गई.

एन. जी. ओ. को आवंटित राशि में अनियमितता की प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही

6. ( *क्र. 635) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या संपूर्ण स्वच्छता अभियान को क्रियान्वित करने हेतु एन.जी.ओ. को कार्य सौंपा गया है ? यदि हां, तो राज्य के समस्त जिलों में कौन-कौन से एन.जी.ओ. को यह कार्य करने हेतु कितनी-कितनी राशि प्रदान कर क्या-क्या कार्य करने हेतु कार्य सौंपा गया है ? (ख) क्या अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो कौन-कौन से जिले में, किस-किस एन.जी.ओ. के विरुद्ध ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हां. जिलेवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार. (ख) जी हां. दुर्ग जिले में एन. जी. ओ. क्रमशः (1) बसेरा बिल्डिंग सेंटर, भोपाल, (2) नव सुरभि पर्यावरण सुरक्षा एवं विकास संस्थान, भिलाई (3) स्वप्निल एजुकेशन सोसायटी भोपाल, (4) आस्था फाउन्डेशन, रायपुर (5) अटल शिशु एवं महिला कल्याण शिक्षा समिति भिलाई के विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई है. बिलासपुर जिले में एन.जी.ओ. पूजा सेवा संस्थान शिक्षक नगर, दुर्ग के विरुद्ध शिकायत प्राप्त हुई है.

दुर्ग जिले में सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल वितरण

7. ( *क्र. 220) **श्री ताम्रध्वज साहू :** क्या राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में वर्ष 2006-07 में आदिवासी अंचल में सरस्वती योजना के तहत कितनी छात्राओं (हितग्राहियों) को सायकल का वितरण किया गया है ? (ख) सायकल खरीदी किन-किन कंपनियों से, किस दर पर तथा किस आधार पर की गई है ?

**राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास** (श्री सत्यानंद राठिया ) : (क) 446 छात्राओं को सायकल वितरण किया गया है. (ख) सायकल खरीदी मेसर्स एंग्लो सायकल प्रायवेट लिमिटेड लुधियाना से रु. 1745.28 प्रति नग की दर से खुली निविदा पद्धति से की गई है.

† परिशिष्ट "एक"

मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

8. ( *क्र. 493) **श्री चन्द्रभान बारमते** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने ग्रामों एवं मजरा टोले में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं है ? ग्रामों के नाम, मजरों टोलों सहित जानकारी देवें? (ख) वर्ष 2006-07 एवं चालू वर्ष में दिनांक 20-6-2007 तक विभाग द्वारा कितने ग्राम एवं मजरा टोलों में हैण्डपंप स्थापित किए गए हैं ? ग्रामों के नाम, मजरों टोलों सहित जानकारी देवें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप) : (क) निरंक. (ख) वर्ष 2006-2007 में विधान सभा क्षेत्र मुंगेली के 96 ग्रामों में 115 नग नलकूप खनन कर 113 हैण्डपंप स्थापित किया गया तथा 02 नलकूप असफल रहा. ग्रामवार सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "क" अनुसार. चालू वर्ष दिनांक 20-6-2007 तक 43 ग्रामों में 52 नलकूप खनन कर 32 नलकूपों पर हैण्डपम्प स्थापित कर पेयजल उपलब्ध कराया गया है. शेष 20 नलकूपों में हैण्डपंप स्थापना का कार्य प्रगति पर है. ग्रामवार सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ख" अनुसार.

स्वीकृत नल-जल योजना की स्थिति

9. ( *क्र. 56) **श्री नोबेल कुमार वर्मा** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र चन्द्रपुर विकासखण्ड डभरा, जिला जांजगीर-चांपा में वर्ष 2005-2006 एवं 2006-2007 में किन-किन नल-जल योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है ? (ख) कंडिका "क" में स्वीकृत नल-जल योजना को कब तक निविदा आमंत्रित कर कार्य प्रारंभ कर दिया जावेगा ? (ग) कंडिका "क" के ही समयावधि में चन्द्रपुर विधान सभा अंतर्गत कितने ग्रामों में नल-जल योजना अंतर्गत कार्य स्वीकृत किया गया था ? उनकी स्थल पर क्या-क्या स्थिति है ? ग्रामवार अलग-अलग जानकारी प्रदान करें ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में स्वीकृत नलजल योजना की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "अ" में है. (ख) कंडिका "क" में स्वीकृत नलजल योजना में निविदा आमंत्रित की जा चुकी है एवं कार्य संबंधी जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" में दर्शित है. (ग) पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट "ब" अनुसार.

बिलासपुर वन वृत्त में बिगड़े वनों के सुधार हेतु व्यय राशि

10. ( *क्र. 474) **डॉ. शक्राजीत नायक** : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर वन वृत्त के अंतर्गत विभिन्न वनमंडलों को 2005-06 एवं 2006-07 में बिगड़े वनों के सुधार के लिए किस-किस मद से कितनी-कितनी राशि स्वीकृत हुई एवं 30-6-2007 तक कितनी-कितनी राशि खर्च की गयी ? (ख) बिगड़े वनों के सुधार के लिए बिलासपुर वन वृत्त के किन-किन वनमंडलों में किस-किस मद से कितनी-कितनी राशि रतनजोत, नर्सरी एवं पौध रोपण के लिए प्राप्त हुई ? कितनी-कितनी राशि 30 जून, 2007 तक खर्च की गई है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) बिलासपुर वन वृत्त के अंतर्गत विभिन्न वनमंडलों को वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में बिगड़े वनों के सुधार के लिए विभिन्न मदों में प्राप्त राशि एवं दिनांक 30-6-2007 तक व्यय की गई राशि का विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" में दर्शित है. (ख) बिलासपुर वन वृत्त के वनमंडलों में रतनजोत, नर्सरी के लिए प्राप्त आवंटन एवं व्यय † संलग्न प्रपत्र "ब" में तथा पौधा रोपण के लिए प्राप्त आवंटन एवं व्यय † संलग्न प्रपत्र "स" में दर्शाया गया है.

विभिन्न कार्यों के लिए वन विभाग की अनुमति हेतु लंबित प्रकरण

11. ( *क्र. 435) **श्री नंदकुमार पटेल** : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में रायगढ़ व जशपुर जिले में सिंचाई, खनिज, विद्युत व लोक निर्माण विभाग के कितने स्वीकृत कार्य जो वन विभाग की अनुमति नहीं मिलने से रुके हुए हैं ? (ख) उक्त कार्यों की स्वीकृति हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है ?

---

† परिशिष्ट "दो"

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में रायगढ़ एवं जशपुर जिलों में सिंचाई विभाग एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के प्रकरण वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत स्वीकृति हेतु प्राप्त हुए हैं. इनका विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दिया गया है. (ख) उक्त कार्यों की स्वीकृति हेतु की गई कार्यवाही का विवरण † संलग्न परिशिष्ट के कालम नं. 5 में दिया गया है.

राहत शिविरों में निवासरत् आदिवासी बच्चों को शिक्षा व्यवस्था

12. ( *क्र. 272) **श्री महेन्द्र कर्मा :** क्या राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दंतेवाड़ा जिले में राहत शिविरों में रहने वाले आदिवासी बच्चों की पढ़ाई के लिये क्या व्यवस्था है ? (ख) दंतेवाड़ा जिले में विभाग की कितनी शालायें, आश्रम संचालित है ? इनमें से कितने बंद हैं ? (ग) क्या बंद शालाओं, आश्रमों को पुर्न संचालित करने की योजना है ?

**राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास** ( श्री सत्यानंद राठिया ) : (क) दंतेवाड़ा जिले में राहत शिविरों में रहने वाले आदिवासी बच्चों के लिए अस्थाई शेड का निर्माण कर व अन्य शासकीय भवनों पढ़ाई की व्यवस्था की गई है. (ख) दंतेवाड़ा जिले में विभाग की 1092 शालाएं, 283 आश्रम संचालित है. इनमें से 143 शालाएं, 04 आश्रम बंद है. (ग) बंद 143 शालाएं अति संवदेनशील नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में होने के कारण वर्तमान परिस्थिति में इन संस्थाओं को प्रारंभ किया जाना संभव नहीं है. बंद 04 आश्रमों को पुन: प्रारंभ किये जाने हेतु उपयुक्त स्थल का चयन किया जा चुका है एवं आश्रम शीघ्र प्रारंभ किये जायेंगे.

सड़क किनारे रोपित पौधों की सुरक्षा हेतु तार खरीदी

13. ( *क्र. 371) **श्री योगेश्वरराज सिंह :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला कबीरधाम में किन-किन सड़कों के किनारे वृक्षारोपण किया गया है ? (ख) क्या लगाये गये वृक्षों की सुरक्षा हेतु कटीले तारों से घेरा गया है ? (ग) यदि हां, तो तार किस मद से और कितनी राशि के खरीदे गये तथा किन-किन सड़कों के किनारे कहां-कहां कटिले तार लगाये गये हैं ? (घ) उक्त खरीदी हेतु कौन सी प्रक्रिया अपनाई गई ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) जिला कबीरधाम में 33 सड़कों, जिनका विवरण †† संलग्न परिशिष्ट में दिया गया है, के किनारे वृक्षारोपण किया गया है. (ख) जी हां. (ग) विभागवार, मदवार क्रय किए गए कटीले तारों की जानकारी निम्नानुसार है. जिन सड़कों के किनारे किए गए रोपणों में जहां-जहां कटीले तार लगाए गए हैं, की जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट में दी गई है :—

| क्र. | विभाग | मद | राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | वनमंडलाधिकारी, कवर्धा | 10-2406-राज्य आयोजना-(2536) पर्यावरण वानिकी. | 2,40,625/- |
| 2. | वनमंडलाधिकारी, कवर्धा | छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल से प्राप्त राशि. | 15,74,999/- |
| 3. | वनमंडलाधिकारी, कवर्धा | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना | 12,64,624/- |
| 4. | वन विकास निगम | छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल से प्राप्त राशि. | 12,54,411/- |
| 5. | परियोजना क्रियान्वयन इकाई, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कवर्धा. | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना | 26,13,000/- |

† परिशिष्ट "तीन" †† परिशिष्ट "चार"

(घ) कटीले तार क्रय करने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा निम्न प्रक्रिया अपनाई गई :—

1. वन विभाग—वनमंडलाधिकारी, कबीरधाम द्वारा कोटेशन प्राप्त कर कटीले तार क्रय किये गये हैं.

2. वन विकास निगम—क्रय नियम 2002 में उल्लेखित प्रक्रिया अपनाई गई.

3. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना—कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कबीरधाम द्वारा कोटेशन प्राप्त कर क्रय समिति के अनुमोदन उपरांत कटीले तार क्रय किये गये हैं.

पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में हैण्डपंपों का खनन

14. (*क्र. 615) **महन्त रामसुंदर दास :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में दिनांक 25-6-2007 तक पामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में कितने हैण्डपंपों की खुदाई की गई ? विकासखण्डवार बतावें. (ख) क्या सभी हैण्डपंप सफल हुए हैं ? यदि नहीं, तो कितने असफल हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में क्रमशः 238 तथा 42 नलकूप खनित किये गये. विकासखण्डवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार. (ख) जी नहीं. प्रश्नाधीन अवधि में क्रमशः 28 तथा 7 असफल.

वनौषधि बोर्ड की योजना के तहत कृषकों द्वारा रोपित पौध पर सहायता

15. (*क्र. 639) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य वनौषधि बार्ड का गठन कब किया गया है ? पदाधिकारी कौन-कौन है ? (ख) कृषकों को कौन-कौन सी प्रजाति के पौधे का औषधि उत्पादन करने पर अनुदान देने की योजना है ? कृषकों के चयन का आधार क्या है ?

**राजस्व मंत्री** (श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग के संकल्प क्र. एफ-5-2/2004/10-1 दि. 28-7-2004 द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य वनौषधि बोर्ड की स्थापना की गई. बोर्ड के पदाधिकारी का विवरण † संलग्न प्रपत्र ''अ'' में दर्शित है. (ख) राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड नई दिल्ली (एन. एम. पी. बी.) द्वारा 32 औषधि प्रजातियों के उत्पादन हेतु अनुदान देने की योजना है. भारत सरकार के राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड, नई दिल्ली उनके इंटरनेट/वेबसाईट के माध्यम से वाणिज्यिक योजनाओं के अंतर्गत कृषकों से परियोजना आमंत्रित करते हैं, इसके आधार पर छ. ग. राज्य वनौषधि बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष वाणिज्यिक योजनाओं हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं. प्राप्त परियोजनाओं को परीक्षण उपरांत राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड, नई दिल्ली (एन. एम. पी. बी.) को अनुदान की अनुशंसा हेतु भेजा जाता है. एन. एम. पी. बी. के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार 5 एकड़ क्षेत्र में वनौषधि कृषि करने वाले कृषक अनुदान हेतु पात्र हैं. अनुदान हेतु पौधों का विवरण † संलग्न प्रपत्र ''ब'' में दर्शित है.

स्वच्छता अभियान के तहत निष्पादित कार्यों का भौतिक सत्यापन

16. (*क्र. 240) **श्री मोतीलाल देवांगन :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला जांजगीर-चांपा में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वर्ष 2006-07 में कितने शौचालय एवं सुलभ कॉम्पलेक्स स्वीकृत होकर कब तक निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य था ? निर्धारित समय में कितने कार्य पूर्ण होकर भौतिक सत्यापन कर लिया गया ? विकासखण्ड एवं ग्रामवार जानकारी देवें? (ख) यदि, निर्धारित लक्ष्य नियत अवधि में पूर्ण नहीं किया गया है, तो संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) जिला जांजगीर चांपा में ग्रामीण स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु वर्ष 2006-07 में 40000 शौचालय का निर्माण प्रावधानित था, सुलभ कॉम्पलेक्स निर्माण हेतु वर्षवार प्रावधान नहीं है. परियोजना अवधि 04 वर्ष हेतु 100 नग स्वीकृत है. 13 नग सुलभ कॉम्पलेक्स जनपद पंचायतों द्वारा निर्मित किया जाकर भौतिक सत्यापन किया गया है. वर्ष 2006-07 में 7695 शौचालयों का निर्माण कार्य ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा लिया गया है. विकासखण्डवार एवं ग्रामवार सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) संपूर्ण स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत शौचालय का निर्माण ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति

† परिशिष्ट ''पांच''

के द्वारा किया जा रहा है. लक्ष्य प्राप्ति करने में आशातित सफलता प्राप्त नहीं हो पा रहा है. लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्य किये जा रहे हैं. जिसे इस वर्ष के अंत तक पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है.

वन विभाग की अनुमति के बिना पाईप लाईन बिछाने पर कार्यवाही

17. (*क्र. 154) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या कोरबा जिले के घरघोड़ा वनक्षेत्र में वन विभाग की बिना अनुमति के पानी का पाईप लाईन बिछाने का मामला प्रकाश में आया है ? यदि हां तो कब, और इस पर क्या कार्यवाही हुई ? (ख) कंडिका "क" की पाईप लाईन कितने वनक्षेत्र में बिछायी गयी ? यह कार्य किसके द्वारा संपादित किया गया ? वन विभाग ने संबंधितों के खिलाफ क्या कार्यवाही की ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) कोरबा जिले के अंतर्गत घरघोड़ा वनक्षेत्र नहीं आता है. कोरबा जिले के कटघोरा वनक्षेत्र में वन विभाग की बिना अनुमति के पानी की पाईप लाईन बिछाने की शिकायत दिनांक 1-6-2007 को प्राप्त हुई थी, जिसकी जांच कराई गई. (ख) जांच उपरांत यह शिकायत सही नहीं पायी गयी. अत: संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता.

वन जीवों के हमले से हुई मौते पर क्षतिपूर्ति

18. (*क्र. 514) **श्री रामदयाल उइके :** क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले के किन-किन ग्रामों के किन-किन व्यक्तियों की मृत्यु हिंसक वन्य प्राणियों के हमले से कब-कब हो गयी ? वर्ष 01 जनवरी, 2006 से 30 मई, 2007 तक की जानकारी उपलब्ध करावें ? (ख) मृतकों के परिवार को कितनी-कितनी क्षतिपूर्ति राशि भुगतान की गयी है ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) एवं (ख) जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शाई गई है.

विभाग द्वारा उत्पादन शुल्क पर छूट का प्रावधान

19. (*क्र. 739) **श्री सत्यनारायण शर्मा :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या वर्ष 2006 में कार्यपालन अभियंता, रायपुर द्वारा ठेकेदारों को नलकूप स्त्रोत से टंकी तक पाईप लाईन के कार्यों के उत्पादन शुल्क पर छूट दिलाने हेतु प्रमाण-पत्र जारी किया गया था ? यदि हां, तो कितनी लागत के कार्यों के लिये ? (ख) क्या उपरोक्तानुसार छूट का नियमों में प्रावधान है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** (श्री केदार कश्यप) : (क) जी हां, कलेक्टर, रायपुर द्वारा प्रमाणपत्र जारी किये गये थे. रु. 72,72,901.00 लागत के कार्यों के लिये, जिसमें पाईप्स की लागत रु. 36,24,313/- है. (ख) जी नहीं, स्त्रोत से प्लांट तक तथा वहां से स्टोरेज की सुविधा तक आवश्यक पाईप्स के लिये उत्पादन कर में पूर्ण छूट का प्रावधान नोटिफिकेशन क्रमांक 6/2006—Central Excise, New Delhi the 1st March 2006 में है.

छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति की राशि का वितरण

20. (*क्र. 480) **श्री चुरावन मंगेशकर :** क्या राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बिलासपुर जिले में कुल कितने स्कूल एवं छात्रावास संचालित है ? ग्रामवार जानकारी दें ? (ख) संचालित स्कूल एवं छात्रावास में कुल कितने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राएं अध्ययनरत हैं ? पृथक्-पृथक् जानकारी देवें ? (ग) क्या इन वर्गों के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शिष्यावृत्ति देने का प्रावधान है ? यदि हां, तो कितनी-कितनी राशि प्रदान की जाती है ?

**राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास** (श्री सत्यानंद राठिया ) : (क) बिलासपुर जिले में आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग का आदिवासी विकासखंडों में 518 स्कूल एवं पूरे जिले में 128 छात्रावास संचालित हैं. ग्रामवार जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर

† परिशिष्ट "छ:"

है. (ख) जानकारी निम्नानुसार है :-

| संस्था का विवरण | निवासरत छात्र-छात्राओं की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | योग |
| | छात्र | छात्राएं | छात्र | छात्राएं | |
| स्कूल | 2647 | 2282 | 20522 | 18811 | 44262 |
| छात्रावास | 1065 | 570 | 1302 | 507 | 3444 |
| **योग** | **3712** | **2852** | **21824** | **19318** | **47706** |

(ग) जी हां. जानकारी निम्नानुसार है :-

1. **राज्य छात्रवृत्ति प्री. मै.**

| कक्षा | छात्र | छात्रा |
|---|---|---|
| कक्षा 3 से 5 तक (प्रतिमाह दर) | - | 25.00 |
| कक्षा 6 से 8 तक (प्रतिमाह दर) | 30.00 | 40.00 |
| कक्षा 9 से 10 तक (प्रतिमाह दर) | 40.00 | 50.00 |

2. **पो. मै. छात्रवृत्ति**

| कक्षा | गैरछात्रावासी | छात्रावासी |
|---|---|---|
| कक्षा 11 से 12 तक (प्रतिमाह दर) | 140.00 | 235.00 |
| स्नातक स्तर तक (प्रतिमाह दर) | 185.00 | 355.00 |
| स्नातकोत्तर स्तर (प्रतिमाह दर) | 330.00 | 510.00 |
| इंजीनियरिंग एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम | 330.00 | 740.00 |

3. **छात्रावास-आश्रम शिष्यवृत्ति**

| कक्षा | छात्र | छात्रा |
|---|---|---|
| कक्षा 6 से 10 (प्रतिमाह दर) | 350.00 | 360.00 |

**स्वीकृत स्थल जल तथा नल-जल योजना की स्थिति**

21. (*क्र. 612) **श्री रजिन्दर पाल सिंह भाटिया :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधान सभा क्षेत्र खुज्जी के अंतर्गत वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में कितने स्थल जल एवं नल जल योजनाएं स्वीकृत की गई है ? (ख) कितनी योजनाएं पूर्ण है ? कितनी अपूर्ण है ? यदि अपूर्ण है, तो क्यों ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप ) : (क) उक्त अवधि में स्वीकृत स्थल जल एवं नलजल योजनाओं का विवरण निम्नानुसार है :—

| क्र. | वर्ष | स्वीकृत स्थल जल योजना | स्वीकृत नलजल योजना | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2005-06 | 34 | 01 | 35 |
| 2. | 2006-07 | 03 | 04 | 07 |
| | **योग** | **37** | **05** | **42** |

(ख) उपरोक्त में से 14 स्थल जल एवं 02 नलजल योजनाएं पूर्ण तथा 21 स्थल जल एवं 01 नलजल योजनाएं प्रगतिरत है. इनमें से विद्युत कनेक्शन के अभाव में 18 स्थल जल योजनाएं प्रारंभ नहीं की जा सकी है. 02 स्थल जल तथा 02 नलजल योजनाओं के लिये निविदा प्रक्रिया में है. विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार.

फर्जी जाति प्रमाणपत्र के आधार पर नौकरी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही

22. ( *क्र. 593) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विभाग ने 31 मई, 2007 तक, फर्जी जाति के आधार पर नौकरी प्राप्त करने वालों के कितने प्रकरणों पर जांच की कार्यवाही पूरी की है ? (ख) 31 मई, 2007 की स्थिति में कितने प्रकरणों में दोषी अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध संबंधित विभागों को कार्यवाही की अनुशंसा की गई. नाम, पदनाम, विभाग एवं अनुशंसा की तिथि सहित जानकारी देवें ? (ग) कंडिका (ख) के परिप्रेक्ष्य में किन-किन अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की गई ?

**राज्यमंत्री, आदिमजाति विकास** (श्री सत्यानंद राठिया ) : (क) कुल 81 शिकायत (प्रकरण) पर जांच की कार्यवाही पूर्ण कर आदेश पारित किया गया है. (ख) 44-प्रकरणों में गलत जाति प्रमाण-पत्रधारक अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध संबंधित नियोक्ता विभागों को नियुक्ति निरस्त करने की अनुशंसा की गई है. पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''अ'' अनुसार. (ग) 13 अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध नियोक्ता द्वारा कार्यवाही की गई है पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ब''. 14 प्रकरण पर माननीय उच्च न्यायालय से स्थगन है. पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''स''. 11 प्रकरण नियोक्ता विभाग में प्रक्रियाधीन है. पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''द''. 06 प्रकरण पर नियोक्ता द्वारा की गई कार्यवाही से अवगत नहीं कराया गया है. पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ई''.

हैण्डपंप खुदाई एवं नलजल योजना की जानकारी

23. ( *क्र. 560) **श्री अमरजीत भगत :** क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007-2008 में सरगुजा जिले में कितने हैण्डपंप/नलजल योजना/जलावर्धन योजना के कार्य स्वीकृत किये गये तथा कार्य पूर्ण होने की तिथि क्या है ? (ख) सीतापुर विधान सभा क्षेत्र में प्रश्नांक ''क'' के अनुसार कौन-कौन से कार्य किए जा रहे हैं ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप) : (क) सरगुजा जिले में वर्ष 2007-2008 में निम्नलिखित कार्य स्वीकृत की गई—

(1) नलकूप खनन हेतु अंतरिम लक्ष्य/1000 (एक हजार) नलकूप पूर्ण करने की तिथि-मार्च 2008.
(2) ग्राम भैयाथान की नलजल प्रदाय योजना पूर्ण होने की संभावित तिथि-30-9-2008
(3) शहर अंबिकापुर के बाहरी क्षेत्र की शहरी जलप्रदाय योजना की पूर्ण होने की संभावित तिथि-31-3-2009

(ख) विधान सभा क्षेत्र सीतापुर के अंतर्गत नलकूप/हैण्डपंप खनन एवं नलजल योजनाओं के कार्य किये जा रहे हैं. ग्रामवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''अ'' एवं प्रपत्र ''ब'' में है.

† परिशिष्ट ''सात''

नल जल/स्थल जल योजना का क्रियान्वयन

24. ( *क्र. 22 ) **श्री सियाराम कौशिक** : क्या राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि तारांकित प्रश्न क्रमांक 90 दिनांक 21-11-2006 में दिये गए उत्तर के अनुसार जिन ग्रामों को नल जल/स्थल जल योजना के लिए चिन्हांकित किया गया है, उसके क्रियान्वयन हेतु क्या कार्यवाही की जा चुकी है ?

**राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी** ( श्री केदार कश्यप ) : तारांकित प्रश्न क्रमांक 90 दिनांक 2-11-2006 में दिये उत्तर अनुसार विकासखण्ड बिल्हा, तखतपुर एवं पथरिया के अंतर्गत चिन्हांकित कुल 12 नलजल योजनाओं एवं 27 स्थल जल योजनाओं में विभाग द्वारा अब तक क्रियान्वित कार्यवाही की जानकारी † संलग्न प्रपत्र ''अ'' एवं प्रपत्र ''ब'' में दर्शित है.

मंदिर एवं मठों की बेची गई सम्पत्ति

25. ( *क्र. 629 ) **मोहम्मद अकबर** : क्या राजस्व मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सही है कि कलेक्टर, रायपुर ने जिला रायपुर में विगत 3 वर्षों में मंदिर, मठों की बेची गई सम्पत्तियों की जांच के आदेश दिए हैं ? यदि हां तो, कहां-कहां की कौन-कौन सी कितनी-कितनी सम्पत्ति कितने-कितने में किसको-किसको कब-कब बेची गई है ? इस संबंध में नियम क्या है ? (ख) उक्त सम्पत्तियों में से कौन-कौनसी सम्पत्ति कलेक्टर की अनुमति के बिना बेची गई है ? (ग) क्या उक्त सभी सम्पत्तियों में क्रेता का नाम दर्ज हो चुका है ? यदि हां, तो किसके-किसके आदेश से ?

**राजस्व मंत्री** ( श्री बृजमोहन अग्रवाल ) : (क) जी नहीं. (ख) एवं (ग) ''क'' के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

----------

† परिशिष्ट ''आठ''

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 04 (क्र. 643) के भाग (क) की जानकारी ]

**जिलेवार वनग्रामों की संख्या**

| क्रमांक (1) | जिले का नाम (2) | वनग्रामों की संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | बस्तर | 54 |
| 2. | बीजापुर | 17 |
| 3. | दंतेवाड़ा | 68 |
| 4. | कांकेर | 09 |
| 5. | नारायणपुर | 03 |
| 6. | रायपुर | 75 |
| 7. | धमतरी | 87 |
| 8. | महासमुंद | 10 |
| 9. | दुर्ग | 16 |
| 10. | कबीरधाम | 07 |
| 11. | राजनांदगांव | 05 |
| 12. | बिलासपुर | 42 |
| 13. | जांजगीर-चांपा | 02 |
| 14. | रायगढ़ | 10 |
| 15. | कोरबा | 0 |
| 16. | सरगुजा | 0 |
| 17. | कोरिया | 09 |
| 18. | जशपुर | 11 |
| | **योग** | **425** |

परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 10 (क्र. 474) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**बिलासपुर वन वृत्त के अंतर्गत विभिन्न वनमंडलों को वर्ष 2005-06 एवं 2006-07 में बिगड़े वनों के सुधार के लिए विभिन्न मदों में प्राप्त राशि एवं दिनांक 30-06-2007 तक व्यय की गई राशि का विवरण**

| बजट मद (1) | वर्ष (2) | | स्वीकृत राशि (लाख रुपये में) (3) | व्यय राशि (लाख रुपये में) (4) |
|---|---|---|---|---|
| 10-2406 सामान्य योजना | 2005-06 | | 269.10 | 266.75 |
| 41-2406 आदिवासी उपयोजना | 2005-06 | | 136.07 | 135.27 |
| 64-2406 अनुसूचित जनजाति योजना | 2005-06 | | 126.01 | 125.76 |
| | | **योग** | **531.18** | **527.78** |
| 10-2406 सामान्य योजना | 2006-07 | | 319.65 | 318.41 |
| 41-2406 आदिवासी उपयोजना | 2006-07 | | 88.20 | 86.98 |
| 64-2406 अनुसूचित जनजाति योजना | 2006-07 | | 156.88 | 156.39 |
| | | **योग** | **564.73** | **561.78** |
| 10-2406 सामान्य योजना | 2007-08 | | 86.99 | - |
| 41-2406 आदिवासी उपयोजना | 2007-08 | | 7.99 | - |
| 64-2406 अनुसूचित जनजाति योजना | 2007-08 | | 115.63 | 0.15 |
| | | **योग** | **210.61** | **0.15** |
| | | **कुल योग** | **1306.52** | **1089.71** |

प्रपत्र "ब"

**बिलासपुर वन वृत्त के अंतर्गत रतनजोत, नर्सरी के लिए प्राप्त आवंटन एवं दिनांक 30-06-2007 तक व्यय का विवरण**

| क्र. | वनमंडल का नाम | वर्ष | मद | स्वीकृत राशि (लाख रुपये में) | व्यय राशि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | बिलासपुर | 2005-06 | राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना | 35.99 | 35.99 |
| 2. | मरवाही | 2005-06 | राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना | 35.99 | 31.8 |
| | | | **योग** | **71.98** | **67.79** |
| 3. | रायगढ़ | 2005-06 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना | 48.00 | 48.00 |
| 4. | मरवाही | 2005-06 | राष्ट्रीय काम के बदले अनाज योजना | 10.70 | 10.32 |
| 5. | मरवाही | 2005-06 | 41-2406 आदिवासी क्षेत्र उप योजना | 1.50 | 1.18 |
| 6. | कोरबा | 2005-06 | 41-2406 आदिवासी क्षेत्र उप योजना | 3.00 | 3.00 |
| | | | **योग** | **4.50** | **4.18** |
| | | | **योग 2005-06** | **135.18** | **130.29** |
| 1. | बिलासपुर | 2006-07 | राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना | 64.20 | 64.20 |
| 2. | जांजगीर-चांपा | 2006-07 | राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना | 102.00 | 97.74 |
| 3. | कटघोरा | 2006-07 | राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना | 36.00 | 35.84 |
| | | | **योग** | **202.20** | **197.78** |
| 4. | मरवाही | 2006-07 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना | 85.39 | 27.02 |
| | कोरबा | 2006-07 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना | 133.92 | 112.38 |
| | रायगढ़ | 2006-07 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना | 200.00 | 200.00 |
| | धरमजयगढ़ | 2006-07 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना | 30.00 | 30.00 |
| | सा. वा. बिलासपुर | 2006-07 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना | 42.80 | 16.87 |
| | | | **योग** | **492.11** | **386.27** |
| 5. | जांजगीर-चांपा | 2006-07 | सी. बी. डी. ए. | 270.45 | 124.12 |
| 6. | सा. वा. बिलासपुर | 2006-07 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना | 21.40 | 21.11 |
| | | | **योग 2006-07** | **986.16** | **729.28** |
| 1. | धरमजयगढ़ | 2007-08 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना | 53.50 | 15.80 |
| 2. | जांजगीर-चांपा | 2007-08 | ग्राम उत्कृष्ट योजना | 30.00 | 29.37 |
| | | | **योग 2007-08** | **83.50** | **45.17** |
| | | | **महायोग रतनजोत नर्सरी पौधा तैयारी** | **1204.84** | **904.74** |

प्रपत्र "स"

**बिलासपुर वन वृत्त के अंतर्गत रतनजोत पौधा रोपण के लिए प्राप्त आवंटन एवं दिनांक 30-06-2007 तक व्यय का विवरण**

| क्र. | वनमंडल का नाम | वर्ष | मद | स्वीकृत राशि (लाख रुपये में) | व्यय राशि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | बिलासपुर | 2005-06 | राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना | 84.46 | 83.01 |
| 2. | धरमजयगढ़ | 2005-06 | राष्ट्रीय काम के बदले अनाज योजना | 25.50 | 25.50 |
| | सा. वा. बिलासपुर | 2005-06 | राष्ट्रीय काम के बदले अनाज योजना | 11.86 | 9.55 |
| | | | **योग** | **37.36** | **35.05** |
| 3. | मरवाही | 2005-06 | राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना | 100.93 | 97.57 |
| | रायगढ़ | 2005-06 | राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना | 450.66 | 440.08 |
| | | | **योग** | **551.59** | **537.65** |
| 4. | कोरबा | 2005-06 | 10-2406 सामान्य योजना | 24.40 | 24.39 |
| | जांजगीर-चांपा | 2005-06 | 10-2406 सामान्य योजना | 24.40 | 24.40 |
| | | | **योग** | **48.80** | **48.79** |
| 5. | रायगढ़ | 2005-06 | परियोजना प्रशासक | 3.15 | 2.44 |
| 6. | सा. वा. बिलासपुर | 2005-06 | राहत कार्य | 62.95 | 32.98 |
| | | | **योग 2005-06** | **788.31** | **739.92** |
| 1. | बिलासपुर | 2006-07 | राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना | 385.00 | 268.59 |
| 2. | मरवाही | 2006-07 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना | 262.72 | 230.75 |
| | रायगढ़ | 2006-07 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना | 168.26 | 159.89 |
| | धरमजयगढ़ | 2006-07 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना | 111.35 | 93.10 |
| | सा. वा. बिलासपुर | 2006-07 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना | 84.75 | 66.11 |
| | | | **योग** | **627.08** | **549.85** |
| 3. | कोरबा | 2006-07 | सी. बी. डी. ए. | 139.34 | 139.34 |
| 4. | कोरबा | 2006-07 | बाल्को से प्राप्त राशि | 21.73 | 21.73 |
| 5. | कटघोरा | 2006-07 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना | 99.26 | 98.33 |
| | | | **योग 2006-07** | **1272.41** | **1077.84** |
| 1. | धरमजयगढ़ | 2007-08 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना | 80.25 | - |
| 2. | सा. वा. बिलासपुर | 2007-08 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना | 100.00 | 1.96 |
| | | | **योग 2007-08** | **180.25** | **1.96** |
| | | | **महायोग रतनजोत रोपण** | **2240.97** | **1819.72** |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 11 (क्र. 435) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

| अनु. क्र. | प्रस्ताव का नाम | आवेदक संस्था का नाम | जिले का नाम | प्रकरण में वन विभाग द्वारा की गई कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | 132 के. व्ही. विद्युत लाईन (जशपुर से पत्थलगांव के बीच) | छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल | जशपुर | अंतिम चरण की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यालयीन पत्र क्रमांक/5-18/5/1639 दिनांक 16-06-2007 द्वारा भोपाल को भेजा गया है. |
| 2. | लोवर डोंडकी व्यपवर्तन योजना | सिंचाई विभाग | जशपुर | वनमंडलाधिकारी जशपुर द्वारा आवेदक संस्था को निर्धारित चैकलिस्ट के अनुरूप प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है. |
| 3. | रायगढ़ से तमनार जिंदल पावर प्लांट लाइन निर्माण | छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल | रायगढ़ | प्रथम चरण की स्वीकृति हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. |
| 4. | केलो परियोजना (इंदिरा सागर) | सिंचाई विभाग | रायगढ़ | मुख्य वन संरक्षक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के अधिकारी द्वारा दिनांक 02 एवं 03-11-2006 को स्थल निरीक्षण किया जा चुका है. |

परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 13 (क्र. 371) के भाग (क) एवं (ग) की जानकारी ]

**जिला कबीरधाम की सड़कों, जिनके किनारे वृक्षारोपण किया गया, का विवरण**

| क्र. | विभाग का नाम, जिसने रोपण किया | सड़क का नाम एवं रोपण स्थान |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | वनमंडलाधिकारी, कवर्धा | 1. कवर्धा से ठाठापुर मार्ग (कवर्धा से छिरहा-1 किमी., मुंगेलीडीह से खरझिट्टी-3 किमी., पेण्ड्री से ठाठापुर-8 किमी.)<br>2. कवर्धा से रायपुर मार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग 12 ए के किमी. क्रमांक-249 से 250, 251 से 252 एवं 257 से 258 तक 3.00 किमी.)<br>3. कवर्धा से रायपुर मार्ग (इंदौरी-दशरंगपुर-8.00 किमी.)<br>4. कारेसरा-खम्हरिया-सिल्हाटी मार्ग (सिल्हाटी से रंजीतपुर-12.00 किमी.)<br>5. पंडरिया-लोरमी-कोटा मार्ग (पंडरिया से बापामुड़ा-10.00 किमी.) |
| 2. | छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम. | 6. कवर्धा-भोरमदेव मार्ग (समनापुर से भोरमदेव तक-6 किमी.<br>7. कवर्धा-पोंड़ी मार्ग (मंडी से पोंड़ी तक-5.5 किमी.) |
| 3. | परियोजना क्रियान्वयन इकाई, प्रधानमंत्री सड़क योजना, कबीरधाम. | 8. जोराताल से रवेली मार्ग (7.30 किमी.)<br>9. कवर्धा- राजनांदगांव मुख्यमार्ग से लासाटोला मार्ग (2.10 किमी.)<br>10. कवर्धा-राजनांदगांव मुख्यमार्ग से बिरनपुर मार्ग (1.30 किमी.)<br>11. खड़ौदा से सुखाताल मार्ग (1.30 किमी.)<br>12. रवेली से लखनपुर मार्ग (1.25 किमी.)<br>13. खैरझिटी से घिरघोरा मार्ग (1.90 किमी.)<br>14. कवर्धा-राजनांदगांव मुख्यमार्ग से हिरापुर मार्ग (0.40 किमी.)<br>15. धमकी से भिकुड़िया मार्ग (0.60 किमी.)<br>16. बम्हनी से नवागांव मार्ग (1.00 किमी.)<br>17. धरमपुर से मानिकचौरी मार्ग (1.30 किमी.)<br>18. विरेन्द्रनगर से कोसमंदा मार्ग (2.30 किमी.)<br>19. विरेन्द्रनगर से कोहड़िया मार्ग (0.50 किमी.)<br>20. कवर्धा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग से धनोरा मार्ग (1.80 किमी.)<br>21. कवर्धा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग से कुम्हारदनियां मार्ग (0.90 किमी.)<br>22. कवर्धा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग से नवागांव मार्ग (0.20 किमी.)<br>23. बिडोरा से कोयलारी मार्ग (2.00 किमी.)<br>24. गोछिया से धरमगढ़ मार्ग (3.60 किमी.)<br>25. गोछिया से चारभाठा मार्ग (0.90 किमी.)<br>26. कवर्धा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग से सिंगारपुर मार्ग (0.45 किमी.)<br>27. चारभाठा से हथलेवा मार्ग (1.30 किमी.)<br>28. महराजपुर से कांपा मार्ग (0.50 किमी.)<br>29. कवर्धा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग से पेन्ड्रीखुर्द मार्ग (0.90 किमी.)<br>30. कवर्धा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग से परसवारा मार्ग (0.50 किमी.)<br>31. कुंडा से माकरी मार्ग (0.50 किमी.)<br>32. हथमुड़ी से कोलेगांव मार्ग (1.20 किमी.)<br>33. कवर्धा-राजनांदगांव मुख्य मार्ग से भगतपुर मार्ग (2.35 किमी.) |

## परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 15 (क्र. 639) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**राज्य वनौषधि बोर्ड के पदाधिकारी का विवरण**

| क्र. (1) | बोर्ड के पदाधिकारी (2) | पदनाम (3) |
|---|---|---|
| 1. | माननीय मुख्यमंत्री, छ. ग. शासन | अध्यक्ष |
| 2. | माननीय वन मंत्री, छ.ग. शासन | उपाध्यक्ष |
| 3. | वित्त विभाग का भारसाधक मंत्री | सदस्य |
| 4. | कृषि विभाग का भारसाधक मंत्री | सदस्य |
| 5. | अ. जा, अ. ज. जा. विकास विभाग का भारसाधक मंत्री | सदस्य |
| 6. | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का भारसाधक मंत्री | सदस्य |
| 7. | उद्योग विभाग का भारसाधक मंत्री | सदस्य |
| 8. | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का भारसाधक मंत्री | सदस्य |
| 9. | मुख्य सचिव, छ. ग. शासन, | सदस्य |
| 10. | कृषि उत्पादन आयुक्त | सदस्य |
| 11. | वन विभाग का प्रभारी सचिव | सदस्य |
| 12. | उद्योग विभाग का प्रभारी सचिव | सदस्य |
| 13. | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का प्रभारी सचिव | सदस्य |
| 14. | अ. जा., अ. ज. जा. विकास विभाग का प्रभारी सचिव | सदस्य |
| 15. | पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का प्रभारी सचिव | सदस्य |
| 16. | प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़, रायपुर | सदस्य |
| 17. | प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ | सदस्य |
| 18. | संचालक, भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी, छत्तीसगढ़ | सदस्य |
| 19. | राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड, भारत शासन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी | सदस्य |
| 20. | संचालक, सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ मेडिसिनल एण्ड एरोमेटिक प्लांट्स, लखनऊ | सदस्य |
| 21. | संचालक, उष्ण कटिबंधीय अनुसंधान संस्थान, जबलपुर | सदस्य |
| 22. | शासन द्वारा नामांकित औषधि पौधों के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त कृषि विश्वविद्यालय का कुलपति/अधिष्ठाता/प्रोफेसर. | सदस्य |
| 23. | शासन द्वारा नामांकित ख्याति प्राप्त टैक्सानामिस्ट (विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग का प्रोफेसर अथवा भारत शासन/राज्य शासन के किसी संस्थान का वनस्पति विज्ञान विशेषज्ञ). | सदस्य |
| 24. | शासन द्वारा नामांकित औषधि पौधों के क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों के दो प्रतिनिधि. | |
| | 1. संचालक, फाउन्डेशन फॉर रिवाइटिलाईजेशन ऑफ लोकल हेल्थ ट्रेडिशन (एफ. आर. एल. एच. टी.) 74/2, जारक बंदे कवल, पोस्ट आतूर, व्हाया-येलाहान्का, बेंगलोर-560064. | सदस्य |
| | 2. अध्यक्ष, जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित, द्वारा वनमंडलाधिकारी, कवर्धा (छत्तीसगढ़) | सदस्य |
| 25. | शासन द्वारा नामांकित आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माता कंपनियों के दो प्रतिनिधि | |
| | 1. अध्यक्ष, आयुर्वेदिक ड्रग मेनूफेक्चरर्स एसोसिएशन (एडमा), वैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लिमिटेड, वैद्यनाथ भवन रोड, चिरैयाटांड़, पटना (बिहार) 800001. | सदस्य |
| | 2. श्री राम अवतार अग्रवाल, पावन हर्बल आयुर्वेद हेल्थ हाउस, रायपुर नाका, व्यापार विहार रोड, बिलासपुर, (छत्तीसगढ़) | सदस्य |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 26. | शासन द्वारा नामांकित औषधि पौधों के कृषकों का एक प्रतिनिधि<br>श्री दीनदयाल वर्मा, आनंद औषधि कृषि केन्द्र, रायपुर | सदस्य |
| 27. | राज्य शासन द्वारा नामांकित मुख्य वन संरक्षक से अनिम्न ग्रेड का राज्य का सेवारत वन अधिकारी या अनुभवी सेवानिवृत्त वानिकी विशेषज्ञ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी<br>श्री कृष्णचन्द्र यादव भा. व. से. मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी. | सदस्य सचिव |

प्रपत्र "ब"

## पौधों की सूची (औषधि उत्पादन हेतु अनुदान)

| क्र. (1) | औषधि प्रजातियों का नाम (2) | |
|---|---|---|
| 1. | आंवला | Amla |
| 2. | अशोक | Ashok |
| 3. | अश्वगंधा | Ashwagandha |
| 4. | अतीस | Atis |
| 5. | बेल | Bael |
| 6. | भुई आंवला | Bhumi Amalaki |
| 7. | ब्राम्ही | Brahmi |
| 8. | चंदन | Chandan |
| 9. | चिरायता | Chirata |
| 10. | दारू हल्दी | Daru haridra |
| 11. | गिलोय | Giloe |
| 12. | गुड़मार | Gudmar |
| 13. | गुग्गल | Guggal |
| 14. | ईसबगोल | Isabgol |
| 15. | जटामांसी | Jatamansi |
| 16. | कलिहारी | Kalihari |
| 17. | कालमेघ | Kalmegh |
| 18. | केसर | Kesar |
| 19. | कोकम | Kokum |
| 20. | कुठ | Kuth |
| 21. | कुटकी | Kutki |
| 22. | मकोय | Makoy |
| 23. | मुलेठी | Mulethi |
| 24. | पत्थरचूर | Patharchur |
| 25. | पिप्पली | Pippali |
| 26. | सफेद मूसली | Safed Musali |
| 27. | सर्पगंधा | Sarpgandha |
| 28. | सनाय | Senna |
| 29. | सतावरी | Shatavari |
| 30. | तुलसी | Tulsi |
| 31. | वत्सनाभ | Vastnabh |
| 32. | वायविडंग | Viavidang |

## परिशिष्ट "छ: "

[ तारांकित प्रश्न संख्या 18 (क्र. 514) के भाग (क ) एवं (ख) की जानकारी ]

**कोरबा जिले में 01 जनवरी 2006 से 30 मई 2007 तक हिंसक वन्यप्राणियों के हमले से मृत व्यक्तियों की जानकारी**

| क्र. | ग्राम का नाम | मृतक का नाम | घटना तिथि | भुगतान की गई क्षतिपूर्ति राशि | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | कारव्रोपा | श्रीमती लोहारिन बाई | 24-09-2006 | 100000/- | |
| 2. | कल्मीटिकरा | श्री जोतराम राठिया | 30-10-2006 | 100000/- | |
| 3. | बड़मार | श्रीमती राम कुंवर | 30-11-2006 | 100000/- | |
| 4. | गिधौरी | श्री मुखी सिंह | 10-01-2007 | 100000/- | |
| 5. | नोनबिर्रा | श्री रामचरण कंवर | 11-01-2007 | 100000/- | |
| 6. | कुदमुरा | श्री नारायण राठिया | 11-03-2007 | 100000/- | |
| 7. | नोनदरहा | श्रीमती संतकुंवर | 11-05-2007 | 20000/- | उतराधिकारी को आंशिक तत्कालीन सहायता राशि भुगतान की गई है. नियमानुसार राशि भुगतान की कार्यवाही की जा रही है. |
| 8. | हिंगनझरिया | श्री फुलसिंह | 30-05-2007 | 20000/- | |
| 9. | फुलसर | श्री करनसाय | 23-04-2007 | 10000/- | |
| 10. | फुलसर | श्री रमाशंकर | 23-04-2007 | 10000/- | |

परिशिष्ट "सात"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 560) के भाग (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**उप खण्ड-सीतापुर**

**दिनांक 01-04-2007 से 30 जून 2007 तक खनित नलकूपों की जानकारी**

| क्र. | अनुबंध क्रमांक | ग्राम क्र. | ग्राम/ बसाहट का नाम | खनित नलकूप सफल | खनित नलकूप असफल | हैण्डपम्प स्था. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1. | 160/डी. एल./06-07 मे. टेक्नो ड्रीलर्स, रायपुर. | 1. | 1. डोढ़ागांव/खनजरपारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 2. डोढ़ागांव/मैनापारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | 2. | 3. कुनमेरा/मुढ़ापारा | - | असफल | - |
| | | | 4. कुनमेरा/गड़ईपारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 5. कुनमेरा/खालपारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 6. केरजू/सरईपारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 7. केरजू/पिंगसापारा-1 | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 8. केरजू/पिंगसापारा-2 | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 9. केरजू/कोरवापारा-1 | सफल | - | पूर्ण |
| | | 3. | 10. केरजू/कोरवापारा-2 | - | असफल | - |
| | | | 11. केरजू/कमनसिया-1 | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 12. केरजू/कुमनसिया-2 | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 13. केरजू/सेमरपारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 14. केरजू/उरांवपारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | 4. | 15. डोढ़ागांव/लोटझरिया | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 16. डोढ़ागांव/लुदीपारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 17. बेनई/उपरपारा | - | असफल | - |
| | | 5. | 18. बेनई/माझापारा-1 | - | असफल | - |
| | | | 19. बेनई/माझापारा-2 | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 20. बेनई/खालपारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 21. गिरहुलडीह/खजूरपारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | 6. | 22. गिरहुलडीह/बैगापारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 23. गिरहुलडीह/उरांवपारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 24. भरतपुर/जुनाडीह-1 | सफल | - | पूर्ण |
| | | 7. | 25. भरतपुर/जुनाडीह-2 | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 26. भरतपुर/नगेशियापारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | | 27. भरतपुर/खालपारा | सफल | - | पूर्ण |
| | | 8. | 28. उलकिया/साइपान | - | असफल | - |
| 2. | 219/डी. एल./06-07 मे. सत्य साई बाबा बोरवेल, अम्बिकापुर. | 9. | 1. कालीपुर/सरपंचपारा | सफल | - | शेष |
| | | | 2. कालीपुर/महोराडांड | सफल | - | शेष |
| | | 10. | 3. चिरगा/पहाड़िया | सफल | - | शेष |
| | | 11. | 4. सरमना/खास | सफल | - | शेष |
| | | 12. | 5. झरगवां/हरिजनपारा | - | असफल | शेष |
| | | | **कुल** | **27** | **6** | |

प्रपत्र "ब"

**वित्तीय वर्ष 07-08 में स्वीकृत नल जल की जानकारी निरंक है तथा पूर्व वर्ष में सीतापुर विधान सभा क्षेत्रांतर्गत निम्नानुसार है**

**स्वीकृत नल जल योजना की प्रगति की जानकारी निम्नानुसार है-**

| क्र. | नल जल योजना का नाम | विकासखण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | नल जल योजना की प्रगति विवरण: उपलब्ध स्रोतों की संख्या | राइजिंग मेन | जल वितरण नलिका | उच्च स्तरीय जलागार | पम्प गृह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) |
| 1. | नल जल योजना पेटला | सीतापुर | 24.99 | 1 नग | प्रगतिरत | पूर्ण | पूर्ण | 1 नग पूर्ण |
| 2. | नल जल योजना देवगढ़ | सीतापुर | 24.99 | 2 नग | प्रगतिरत | 30% पूर्ण | पूर्ण | निविदा की प्रक्रिया में. |
| 3. | नल जल योजना बनेया | सीतापुर | 24.90 | 1 नग | प्रगतिरत | 40% पूर्ण | प्रगतिरत | - |
| 4. | नल जल योजना प्रतापगढ़ | सीतापुर | 24.90 | 3 नग | पूर्ण | पूर्ण | निविदा की की कार्यवाही में. | पूर्ण |
| 5. | नल जल योजना गुतुरमा | सीतापुर | 24.89 | 1 नग | निविदा की प्रक्रिया में. | निविद की प्रक्रिया में. | निविदा की प्रक्रिया में. | निविदा की प्रक्रिया में. |
| 6. | नल जल योजना रोपाखार | सीतापुर | 24.98 | 1 नग | प्रगतिरत | 40% पूर्ण | पूर्ण | निविदा की प्रक्रिया में. |
| 7. | नल जल योजना बंदना | सीतापुर | 24.99 | 2 नग | निविदा की प्रक्रिया में. | निविदा की प्रक्रिया में. | निविदा की प्रक्रिया में. | निविदा की प्रक्रिया में. |
| 8. | नल जल योजना खड़धोवा | सीतापुर | 18.10 | 2 नग | प्रगतिरत | 90% पूर्ण | प्रगतिरत 75% पूर्ण. | - |
| 9. | नल जल योजना बतौली | सीतापुर | 19.97 | 2 नग | प्रगतिरत | 90% पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण |
| 10. | नल जल योजना सीतापुर | सीतापुर | | कार्य पूर्ण एवं पंचायतों को हस्तांतरित | | | | |
| 11. | नल जल योजना नर्मदापुर | मैनपाट | | कार्य पूर्ण एवं पंचायतों को हस्तांतरित | | | | |

**टीप :-** वर्ष 2007-08 में नल जल योजना/आवर्धन योजना विधान सभा क्षेत्र सीतापुर में कोई स्वीकृति नहीं हुई है. अत: पूर्ण होने की तिथि दर्शाने का प्रश्न ही नहीं उठता.

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 24 (क्र. 22) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

### चिन्हांकित नलजल योजनाओं की सूची

| क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत | विकासखंड | 2001 की जनसंख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | नेवसा | 24.61 | बिल्हा | 2770 | पूर्ण, टेस्टिंग कार्य प्रगति पर एवं विद्युत संयोजन का कार्य प्रगति पर. |
| 2. | बेल्तरा | 24.61 | बिल्हा | 3518 | पूर्ण, टेस्टिंग कार्य प्रगति पर एवं विद्युत संयोजन का कार्य प्रगति पर. |
| 3. | लिंगियाडीह | 23.44 | बिल्हा | 15870 | जल वाहिनी का कार्य 35% पूर्ण टंकी निर्माण कार्य 15% पूर्ण. |
| 4. | बहतराई | 22.00 | बिल्हा | 2134 | टंकी निर्माण कार्य 100% पूर्ण पाइप लाइन प्रगति पर. |
| 5. | मंगला ब | 24.47 | बिल्हा | 8622 | पाइप लाइन पूर्ण, टंकी निर्माण कार्य 50% पूर्ण. |
| 6. | दगौरी | 33.22 | बिल्हा | 3297 | वितरण वाहिनी 2000 मी. का कार्य प्रगति पर, टंकी का कार्य पूर्ण विद्युत संयोजन का कार्य प्रगति पर. |
| 7. | सल्फा | 23.55 | बिल्हा | 1510 | समस्त कार्य पूर्ण टेस्टिंग प्रगति पर विद्युत संयोजन का कार्य प्रगति पर. |
| 8. | मटियारी | 24.87 | बिल्हा | 2523 | टंकी निर्माण कार्य 100% पूर्ण, पाइप लाइन 80% पूर्ण विद्युत संयोजन का कार्य प्रगति पर. |
| 9. | भरनी | 23.40 | तखतपुर | 2424 | पाइप लाइन पूर्ण, टंकी निर्माण कार्यादेश जारी सीधे पंपिंग से जल प्रदाय. |
| 10. | कोडापुरी | 20.00 | तखतपुर | 1716 | समस्त कार्य पूर्ण, टेस्टिंग प्रगति पर. |
| 11. | नेवरा | 13.10 | तखतपुर | 3053 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 12. | अमोरा | 14.53 | पथरिया | 1714 | समस्त कार्य पूर्ण, विद्युत संयोजन का कार्य प्रगति पर. |

प्रपत्र "ब"

**चिन्हांकित स्थल जल योजनाओं की सूची**

| क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत | विकासखंड | 2001 की जनसंख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | मंगला प | 1.84 | बिल्हा | 1040 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 2. | बसाहा | 1.84 | बिल्हा | 1525 | पूर्ण, टेस्टिंग कार्य प्रगति पर |
| 3. | फरहदा | 1.84 | बिल्हा | 1984 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 4. | सलखा | 1.84 | बिल्हा | 1510 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 5. | उरतुम | 1.84 | बिल्हा | 1131 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 6. | खैरा ल | 1.93 | बिल्हा | 1740 | पूर्ण, टेस्टिंग कार्य प्रगति पर |
| 7. | मोहदा | 1.93 | बिल्हा | 887 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 8. | गतौरी | 1.93 | बिल्हा | 1359 | पूर्ण, टेस्टिंग कार्य प्रगति पर |
| 9. | परसाही | 7.39 | बिल्हा | 1095 | 90% पूर्ण, टेस्टिंग कार्य प्रगति पर |
| 10. | डोडकी | 7.58 | बिल्हा | 574 | पूर्ण, टेस्टिंग कार्य प्रगति पर |
| 11. | भरवीडीह | 2.8 | बिल्हा | 486 | प्रगति पर |
| 12. | करनकापा | 1.60 | तखतपुर | 840 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 13. | बेलपान | 1.60 | तखतपुर | 1257 | टंकी युक्त पुनरीक्षित योजना स्वीकृत है पाइप लाइन हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी दर अधिक मिलने के कारण निविदा निरस्त टंकी निविदा स्वीकृत हेतु वरिष्ठ कार्यालय प्रेषित. |
| 14. | लाखासार | 1.60 | तखतपुर | 2086 | समस्त कार्य पूर्ण जल प्रदाय प्रारंभ |
| 15. | टांडा | 1.60 | तखतपुर | 1294 | समस्त कार्य पूर्ण जल प्रदाय प्रारंभ |
| 16. | समडील | 1.60 | तखतपुर | 1362 | समस्त कार्य पूर्ण जल प्रदाय प्रारंभ |
| 17. | बेलखुरी | 1.60 | पथरिया | 1196 | समस्त कार्य पूर्ण टेस्टिंग कार्य प्रारंभ |
| 18. | सांवा | 1.60 | पथरिया | 1321 | कार्य प्रगति पर |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 19. | सांवलपुर | 1.60 | पथरिया | 894 | समस्त कार्य पूर्ण टेस्टिंग कार्य प्रगति पर. |
| 20. | पडीपाईन | 1.60 | पथरिया | 1456 | समस्त कार्य पूर्ण टेस्टिंग कार्य प्रगति पर. |
| 21. | गोईन्दा | 1.60 | पथरिया | 1002 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 22. | गोईन्द्री | 1.60 | पथरिया | 1996 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 23. | सिल्दहा | 1.60 | पथरिया | 1879 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 24. | छिन्दभोग | 1.60 | पथरिया | 940 | प्रगति पर |
| 25. | लोहदा | 8.25 | पथरिया | 442 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 26. | टिकैपेन्ड्री | 7.74 | पथरिया | 837 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |
| 27. | धमनी | 6.40 | पथरिया | 466 | पूर्ण, जल प्रदाय प्रारंभ |